प्रेस विज्ञप्ति

13.12.2024

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर आंचलिक कार्यालय ने महादेव ऑनलाइन बुक केस में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 12.12.2024 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान, 130.57 करोड़ रुपये के प्रतिभूति/बांड/डीमैट खाते फ्रीज कर दिए गए।

ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप एक अम्ब्रेला सिंडिकेट है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के माध्यम से धन शोधन करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है।

अब तक, ईडी ने मामले में 110 से अधिक परिसरों में तलाशी ली है। इसके अलावा, जांच के परिणामस्वरूप, मामले में 2426.18 करोड़ रुपये (लगभग) मूल्य की अचल और चल संपत्ति जब्त/फ्रीज/अटैच की गई है।

ईडी ने इस मामले में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।